कक्षा–6

कृषि

पाठ्यक्रम की मासिक बाँट – फरवरी 2021 से मई 2021

मास	पुस्तक का नाम	विषयवस्तु	अधिगम उपलब्धियाँ बच्चेः–
फरवरी	कृषि	भाग 1 कृषि :– 1 भारत में कृषि का महत्व 3 भूमि 4 कृषि के साधारण यंत्र	 कृषि के महत्त्व से छात्रों को सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन की जानकारी मिलती है। भूमि की रचना में वायु , पानी, खनिज पदार्थ एवं जीवांश के अनुपात के बारे में जानकारी मिलती है। भूमि के वर्गीकरण का अलग–अलग आधार पर पता चलता है। कृषि के यंत्रों में जुताई से लेकर गहाई तक हल्के और भारी कृषि यंत्रों की जानकारी होती है।
मार्च	कृषि	5 भारी कृषि यंत्र 6 खेत की तैयारी एवं बिजाई	भारी कृषि यंत्रों में जुताई, गुड़ाई, समतल करने वाले, बीजाई करने वाले तथा कटाई करने वाले सभी भारी यंत्रों की जानकारी होती है। इसमें हलों के विभिन्न प्रकार के बारे में भी जानकारी मिलती है। खेत की तैयारी में छात्रों को बीजाई से पहले सभी कृषि क्रियाओं की जानकारी होती है और बीजाई की विभिन्न विधियों की सभी जानकारी मिलती है तथा कौनसी फसल किस–किस विधि से बोई जा सकती है का ज्ञान होता है।
अप्रैल	कृषि	7 सिंचाई 8 खाद	सिंचाई की विधियों, महत्त्व तथा लाभ बारे ज्ञान होता है और सिंचाई के साधनों बारे जानकारी होती है। खाद से छात्रों को पता चलता है कि पौधों को किन–किन सूक्ष्म व गौण तत्वों की आवश्यकता होती है तथा खाद के प्रकारों पर भी चर्चा करते हैं।

		9 सब्जियों की खेती	सब्जियों की खेती में सब्जियां कैसे उगाई जाती हैं तथा जुताई व बीजाई से लेकर कटाई तक सभी जानकारियाँ प्राप्त करते हैं।
मई	कृषि	10 वृक्षारोपण 11 हरियाणा के महत्त्वपूर्ण वनीय पौधे	वृक्षारोपण से छात्रों को पेड़ों से होने वाले लाभों के बारे में ज्ञान होता है तथा व्यर्थ पड़ी सरकारी भूमि का भी कैसे उपयोग होता है, पर चर्चा करते हैं। विभिन्न प्रकार के वनीय पौधे जैसे नीम, शीशम, कीकर, बेर, सफेदा, जामुन, आम, अमरूद, पीपल तथा अमलताश आदि के बारे में ज्ञान होता है तथा ये कैसे उगाए जाते हैं और इनके लाभों का ज्ञान होता है।

कक्षा–7

कृषि

पाठ्यक्रम की मासिक बाँट – फरवरी 2021 से मई 2021

मास	पुस्तक का नाम	विषयवस्तु	अधिगम उपलब्धियाँ बच्चे:–
फरवरी	कृषि	भाग–1 1 भूमि 2 कृषि यंत्र	भूमि के वर्गीकरण जैसे गठन, रंग और भौतिक भौगोलिक आधार पर अवलोकन करते हैं व बीजाई से पहले और बीजाई के बाद की यान्त्रिक क्रियाओं का अनुभव बाँटते हैं तथा नदियों द्वारा लाई गई मिट्टी से बने मैदानों का ज्ञान प्राप्त करते हैं। प्रमुख कृषि यंत्र जैसे हल, कल्टीवेटर, हैरो, हो, सुहागा, रोलर आदि बारे ज्ञान प्राप्त करते हैं। फसलों को कीटों से बचाने के लिए कीटनाशक दवाओं के बारे जानकारी व इनके छिड़काव करने के यंत्रों के बारे में चर्चा करते हैं और हलों के प्रकारों के बारे ज्ञान करते हैं।
मार्च	कृषि	3 सिंचाई व खादें 4 शुष्क बारानी खेती	सिंचाई की विभिन्न विधियां व इनके लाभ व हानियों का अवलोकन करते हैं। मुख्य फसलों के खरपतवार, वर्गीकरण और रोकथाम का ज्ञान प्राप्त करते हैं तथा खादों के प्रकार और इसे बनाने की विधियों की जानकारी लेते हैं। वर्षा पर आधारित बारानी खेती की समस्याओं और व्यवस्था जैसे जल प्रबन्ध, भू–प्रबन्ध और फसल प्रबन्ध का ज्ञान लेते हैं।
अप्रैल	कृषि	5 सब्जियों व फलों की खेती भाग–2 पशुपालन 1 गाय तथा भैंसों की नसलें	गाजर व मूली की सफल खेती कैसे की जाती है व आम नींबू और अमरूद की उत्तम बागवानी के लिए कैसी भूमि व उन्नत किस्में अपनाकर कैसे अधिक उपज ली जा सकती है का अवलोकन करते हैं। उपयोगिता के आधार पर गायों की नस्लों की जानकारी होती है तथा भारतीया भैंसों की प्रसिद्ध

			नस्लों बारे ज्ञान प्राप्त करते हैं। बैलों तथा साँडों के शारीरिक लक्षण बारे अवलोकन करते हैं।
मई	कृषि	4 खाद्य पदार्थों का वर्गीकरण और उनके खाद्यमान 5 स्वच्छ दूध का उत्पादन	मोटा चारा, रातिब व पशु आहार के विभिन्न पोषक तत्व जैसे कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा तथा खनिज पदार्थ व विटामिन और पानी का भोजन में क्या महत्व है के बारे में अवलोकन करते हैं। स्वच्छ दूध का उत्पादन करते समय बरतने वाली सावधानियों बारे जानकारी प्राप्त होती है। दूध को संरक्षित रखने के लिए जीवाणु नाशक, पास्तुरीकरण एवं समांगीकरण का ज्ञान होता है।

कक्षा–8

कृषि

पाठ्यक्रम की मासिक बाँट – फरवरी 2021 से मई 2021

मास	पुस्तक का नाम	विषयवस्तु	अधिगम उपलब्धियाँ बच्चेः–
फरवरी	कृषि	1 पौधों का जीवन 2 प्रकाश संश्लेषण 3 परागण	पुष्पी तथा पुष्पहीन पौधें, जड़, तना व इनके प्रकार तथा इनके रूपान्तरण के वर्णन का ज्ञान होता है। फूल व फल के भागों का अवलोकन करते है। पौधों से मिलनी वाली चीज़े व इनके प्रयोग का ज्ञान होता है। प्रकाश संश्लेषण क्या होता है व प्रकाश संश्लेषण के लिए आवश्यक चीज़ों के बारे में जानकारी लेते है। परासरण व उत्स्वेदन और उनको प्रभावित करने वाले कारकों का अवलोकन करते हैं। परागण किसे कहते है? स्वंय परागण और परपरागण का महत्व, लाभ व हानियों बारे छात्र ज्ञान प्राप्त करते है। निषेचन किसे कहते है? यह कितने प्रकार का होता है? अंकुरण कितने प्रकार का होता है और अंकुरण के लिए क्या–क्या परिस्थितियों अनुकूल होनी चाहिए इसके बारे जानकारी प्राप्त करते हैं।
मार्च	कृषि	4 भूमि 6 खाद एवं उर्वरक	भूमि की संरचना और भूमि निर्माण में भौतिक, रसायनिक व जैविक शक्तियों का ज्ञान होता है। भूमि परिच्छेदिका का ज्ञान होता है। चट्टानों के प्रकार तथा अलग–अलग चट्टानों से कौन–से खनिज पदार्थ मिलते है इस बात का ज्ञान होता है। पौधों के लिए उपयोगी गौण व सूक्ष्म पौषक का ज्ञान होता है। कम्पोस्ट खाद व जैविक खाद को बनाने व उनके महत्व की जानकारी बारे ज्ञान होता है। उर्वरकों के प्रकार का ज्ञान होता है। कार्बन चक्र व जीवांश पदार्थ का अवलोकन करते हैं।

		7 कृषि मशीन	कोल्हू की संरचना व कार्य विधि, खाद और ड्रील, थैशर व पैडी वीडर की संरचना व कार्य विधि की जानकारी करवाते है। कृषि मशीन पर कार्य करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे ज्ञान होता है।
अप्रैल	कृषि	फसलें – 8 गेहूँ–मूंगफली भाग – 2 पशुपालन 1 हे तथा साइलेज बनाने का महत्व	फसलों का आर्थिक व ऋतुओं के आधार पर वर्गीकरण और गेहूँ, जौ, मक्का, ज्वार, बाजरा, धान, चना, उड़द, मूंग, मटर, कपास, सनई, गन्ना, सरसों व मूंगफली की फसलों से उत्तम उपज लेने के लिए भूमि की तैयार से भण्डारण तक उत्तम कृषि क्रियाओं का ज्ञान होता है। हे की रसायनिक संरचना व बनाने की विधि और साइलेज बनाने की विधियाँ तथा किन–किन फसलों से उत्तम साइलेज बनता है इस बात का ज्ञान होता है।
मई	कृषि	2 दूध तथा दूध से बने पदार्थ 5 गोबर गैस संयंत्र	दूध की संरचना और दूध से बने पदार्थ जैसे– दूध पाउडर, क्रीम, दही, मक्खन, घी, केसिन, खोया, पनीर और छेना कैसे बनाया जाता है और इनकी संरचना का छात्रों को बोध करवाया जाता है। गोबर गैस संयंत्र के भागों का वर्णन तथा इसके लाभ और लगाते समय बरती जाने वाली सावधानियों का ज्ञान होता है।